हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4

अस्पताल निर्माण में देरी, कलेक्टर ने लगाई ठेकेदार को फटकार



खबर संक्षेप



स्वच्छाग्रही दीदियों का हुआ सम्मान

रायगढ़। ग्राम पंचायत अमलीडीह में आयोजित शिविर में स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाली दीदियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने स्वच्छाग्रही दीदियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की और स्वच्छता के प्रति उनके समर्पण एवं निरंतर सहभागिता के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सम्मानित स्वच्छाग्रही दीदियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

बुनगा के पांच आंगन बाड़ी में आंगन मिलन कार्यक्रम



रायगढ़। पुसौर क्षेत्र के ग्राम बुनगा के पांच आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच बेदप्रकाश साव ने अपने उद्बोधन में केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओ के बारे में विस्तार से बताया।खासकर महिलाओ से जुड़ी योजनाओ पर विशेष ध्यान आकर्षण किया। उक्त कार्यक्रम में महिला बाल विकास से श्रीमती पुष्मती चौहान एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय नायक ने अपने विभाग के योजना के बारे में लोगों को अवगत कराया।

अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी में रायगढ़ की टीम हुई शामिल



रायगढ़। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की 14 सदस्यीय महिला कबड्डी टीम अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए बिलासपुर रवाना हुई। टीम में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित छात्राएं शामिल हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा और दमखम दिखाएंगी। टीम के रवाना होने से पहले विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय चौहान ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। टीम के साथ मैनेजर के रूप में अंशुमाला कुजूर, सहायक प्राध्यापक, विधि पालूराम धनिया महाविद्यालय रायगढ़ तथा कोच के रूप में डॉ. सौरभ प्रधानए क्रीड़ा अधिकारी एवं प्रभारी संचालक शामिल हैं। प्रतियोगिता से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने अपने पहले राउंड के मुकाबले में बिहार विश्वविद्यालय की टीम को हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। शुरुआती जीत के बाद खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा हुआ है और टीम आगामी मुकाबलों में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए मैदान में उतरेगी।

पंचायत उपचुनाव और तमनार नगर पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू

रायगढ़। त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम उप निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत रायगढ़ जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोगए रायपुर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत के अंतर्गत सरपंच के 3 पद और पंच के 27 पदों के लिए उप निर्वाचन तथा नवगठित नगर पंचायत तमनार में अध्यक्ष सहित 15 वार्ड पार्षद पदों के लिए आम निर्वाचन कराया जाना है।

70.99 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी, 3,706 एकड़ में होगी सिंचाई

19 साल बाद पूरा होगा मैनी एनीकट का अधूरा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांसाबेल विकासखंड के ग्राम हथगड़ा के पास मैनी नदी पर प्रस्तावित मैनी एनीकट एवं नहर निर्माण का अधूरा काम अब 19 साल बाद पूरा होने की उम्मीद जगी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य शासन ने परियोजना के लिए 70 करोड़ 99 लाख रुपये की मंजूरी प्रदान कर दी है।इसके बाद विभाग द्वारा अब टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है।मैनी नदी पर बनने वाले इस महत्वपूर्ण सिंचाई प्रोजेक्ट के तहत एनीकट से पानी को डायवर्ट कर करीब 20 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण किया जाएगा। इससे कुल 3,706 एकड़ कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इनमें खरीफ फसलों के लिए करीब 3,212 एकड़ तथा रबी फसलों के लिए करीब 494 एकड़ सिंचाई क्षमता प्रस्तावित है। मैनी एनीकट परियोजना के लिए वर्ष 2007 में करीब 12 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली थी। उस समय जल संसाधन विभाग द्वारा नदी का पानी रोकने के लिए एनीकट की दीवार खड़ी की गई और नहर लाइनिंग का काम भी कराया गया। हालांकि भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने तथा अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक कारणों से परियोजना का काम लंबे समय तक अधूरा रहा।अब शासन से नई स्वीकृति मिलने के बाद परियोजना को दोबारा गति मिलने जा रही है। विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है।

- लगभग 2100 किसानों को मिलेगा सीधा लाभ



क्षेत्र के 2100 किसानों को मिलेगा सीधा फायदा

नई नहर से कांसाबेल क्षेत्र के हथगड़ा, बिहाबल, पतरापाली, बांसबहार, चौंगरीबहार, गरियादोहर सहित आसपास के गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है। परियोजना पूरी होने से करीब 2,100 किसानों की कृषि भूमि को लाभ मिलेगा।नहर के निर्माण से किसानों को खरीफ के साथ-साथ रबी फसलों के लिए भी पानी उपलब्ध होगा, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ने और खेती की लागत एवं जोखिम कम होने की उम्मीद है।

पुरानी दीवार को किया जाएगा दुरुस्त

नई स्वीकृति के बाद मैनी नदी में बनी एनीकट की पुरानी दीवार को भी आवश्यकतानुसार दुरुस्त किया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पुरानी दीवार की मरम्मत के साथ उसकी ऊंचाई और एक फीट बढ़ाई जाएगी, ताकि नदी का पर्याप्त पानी जमा हो सके।परियोजना क्षेत्र का विस्तार अधिक नहीं होने के कारण निर्माण कार्य को निर्धारित रूपरेखा के अनुसार आगे बढ़ाने पर विशेष फोकस रहेगा।

मांग पूरी होने की उम्मीद

मैनी एनीकट और नहर परियोजना क्षेत्र के किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग रही है। परियोजना के पूरा होने से कांसाबेल क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा और बड़ी संख्या में किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। 70 करोड़ 99 लाख रुपये की स्वीकृति के बाद अब वर्षों से अधूरी पड़ी परियोजना के धरातल पर उतरने की उम्मीद मजबूत हुई है।



मवेशी चराने के बहाने वन संपदा का हो रहा शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के तपकरा वनपरिक्षेत्र के तुबा जंगल में कथित तौर पर अवैध पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार मवेशी चराने के बहाने प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जंगल के भीतर प्रवेश कर रहे हैं और इसी के आड़ में बेशकीमती पेड़ों की कटाई की जा रही है। लगातार हो रही कटाई से जंगल के प्राकृतिक स्वरूप के साथ-साथ पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचने की आशंका है।

बताया जा रहा है कि जंगल में मवेशी चराने के लिए प्रवेश करने वाले कुछ लोग वन क्षेत्र के भीतर जाकर पेड़ों को निशाना बना रहे हैं। पहले पेड़ों की टहनियों और छोटे पेड़ों की कटाई की जाती है, जबकि कई जगहों पर बड़े और उपयोगी पेड़ों को भी काटे जाने की बात सामने आ रही है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में तुबा जंगल का वन क्षेत्र और हरियाली बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल में लगातार आवाजाही और पेड़ों की कटाई के बावजूद वन विभाग के मैदानी अमले की प्रभावी निगरानी नजर नहीं आ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बीट गार्ड और वनरक्षक समिति के जिम्मेदार लोगों को जंगल की स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से अवैध कटाई करने वालों के हौसले बढ़ रहे हैं। तुबा जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जंगलों से भूजल संरक्षण, मिट्टी का कटाव रोकने, वन्यजीवों को आश्रय देने और स्थानीय जलवायु को संतुलित रखने में मदद मिलती है। ऐसे में यदि लगातार पेड़ों की कटाई होती रही तो इसका असर आने वाले समय में पूरे क्षेत्र पर पड़ सकता है।

- जंगल के चराने जाते हैं मवेशी, अंदर करते हैं बेशकीमती पेड़ों की कटाई

प्रभावी निगरानी की जरूरत

ग्रामीणों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की गंभीरता से जांच कराने, जंगल का स्थल निरीक्षण करने और अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि तुबा जंगल में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और मवेशी चराने की आड़ में जंगल में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए।

कार्रवाई कागजों तक सीमित

अब सवाल यह है कि आखिर वन क्षेत्र में प्रतिदिन हो रही कथित अवैध कटाई पर जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं पड़ रही है? क्या विभाग के मैदानी अमले की निगरानी व्यवस्था इतनी कमजोर है कि जंगल के भीतर बेशकीमती पेड़ों पर लगातार कुल्हाड़ी चलती रहे और कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह जाए? वन विभाग की जांच और कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

बिजली आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों को मिली राहत

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल से जनपद पंचायत कुनकुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडरी के आश्रित ग्राम देबोरा में खराब ट्रांसफार्मर बदलने के बाद गांव में विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। त्वरित कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय को अवगत कराया गया था कि ग्राम देबोरा में स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। इसके कारण गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित थी और ग्रामीणों को दैनिक कार्यों सहित अन्य आवश्यक गतिविधियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने समस्या के शीघ्र निराकरण कराने की मांग की थी। ग्राम देबोरा मधेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित बस्ती है। यहां स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ मधेश्वर महादेव के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों का निरंतर आवागमन रहता है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। समस्या का शीघ्र निराकरण होने से ग्रामीणों में खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।



एनईएस कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बनाई 76 फीट की रंगोली

जशपुरनगर। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित "रंगोली के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर अग्रणी महाविद्यालय शासकीय राम भजन राय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर द्वारा रणजीता स्टेडियम में 76×76 फीट की विशाल रंगोली तैयार की गई।

"डिजिटल इंडिया"की थीम पर बनाई गई इस विशाल रंगोली में महाविद्यालय के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। विशाल रंगोली में तकनीक, डिजिटल कनेक्टिविटी एवं भारत के विकास को विभिन्न प्रतीकों तथा भारत के मानचित्र के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। रंगोली के चारों ओर जगमगाते दीपों एवं पुष्प सज्जा ने पूरे वातावरण को आकर्षक एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। वहीं ब्लॉक स्तर पर जिले के सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा 17×17 फीट की रंगोली तैयार कर सेवा, सामाजिक चेतना तथा विकसित भारत के संकल्प को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री ⏭शेष पेज 2 पर



- दिया विकसित भारत का संदेश

देशप्रेम का संचार: अमरेन्द्र

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. अमरेन्द्र ने कहा कि रंगोली के रंग राष्ट्र के संग अभियान युवाओं में दायित्वबोध, सामाजिक चेतना और देशप्रेम का संचार करता है। उन्होंने कहा कि जब युवा प्रतिभा सेवा से जुड़ती है और सेवा राष्ट्रहित से जुड़ती है, तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य सार्थक होता है।"जिला नोडल अधिकारी डॉ. आनंदराम पैंकरा ने बताया कि "रंगोली के रंग राष्ट्र के संग"कार्यक्रम जिले में तीन स्तरों पर आयोजित किया गया। प्रथम स्तर पर महाविद्यालय स्तर, द्वितीय स्तर पर जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों तथा तृतीय स्तर पर जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर योजनाओं का दिलाया जा रहा लाभ

जशपुरनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के सभी 8 विकासखंडों में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा केन्द्र और छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम कुकरभुका, जनपद पंचायत कांसाबेल, ग्राम किनकेल, जनपद पंचायत जशपुर, पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम शेखरपुर तथा फरसाबहार विकासखंड के ग्राम समडमा में सेवा सेतु शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में खाद्य, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मत्स्य पालन, पशुपालन, कृषि, श्रम एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करने की कार्रवाई की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के अंतर्गत आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया।



सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक, ग्रामवासी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले में 1 जून से अब तक 8646.9 मिमी वर्षा दर्ज

जशपुरनगर। जिले में 01 जून से 07 अक्टूबर 2026 तक 8646.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी अवधि में पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 11215.1 मिमी रही है, जो सामान्य का 77.1 प्रतिशत है। आज जिले में कुल 61.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 07 अक्टूबर तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है- तहसील जशपुर में 792.4 मिमी, मनोरा में 1354.7 मिमी, कुनकुरी में 1175.2 मिमी, दुलदुला में 694.0 मिमी, फरसाबहार में 405.7 मिमी, बगीचा में 877.5 मिमी, कांसाबेल में 905.0 मिमी, पत्थलगांव में 750.3 मिमी, सन्ना में 1058.3 मिमी एवं बागबहार में 633.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 1354.7 मिमी हुई है, जो सामान्य से 116.7 प्रतिशत है। वहीं आज सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 40.0 मिमी दर्ज की गई।

बहेराकोना में इबारती सवाल शिक्षण पर डेमो कार्यशाला

जशपुरनगर। विकासखंड मनोरा के संकुल केंद्र अंधरझर के प्राथमिक शाला बहेराकोना में इबारती सवाल शिक्षण पर गणित पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए डेमो कार्यशाला विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल, सहायक शिक्षा अधिकारी जगतपाल राम एवं स्त्रोत समन्वयक आशुतोष शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य गणित शिक्षण की शिक्षण शास्त्रीय प्रविधि को व्यवहारिक धरातल पर उतारते हुए बच्चों के बीच शिक्षण करते हुए शिक्षकों के लिए देखने व एक दूसरे से सीखने का मौका उपलब्ध कराना था।

प्राथमिक शाला बहेराकोना के सहायक शिक्षक कालेश्वर राम सारस ने अपने स्कूल के कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा के 14 बच्चों को इबारती सवाल को आसान प्रक्रिया से हल करना सिखाया। डेमो के आरम्भ में शिक्षक ने बच्चों से दैनिक जीवन के प्रसंग को इबारती सवाल के रूप में बच्चों के समक्ष रखते हुए मौखिक तौर पर हल कराया। इससे बच्चों के पूर्व ज्ञान को जोड़ते हुए लिखित इबारती सवाल रखा गया। फिर सवाल को बच्चों को पढ़ने का मौका दिया गया और सवाल में क्या दिया गया है और निकालना क्या है? इसे समझने पर बच्चों से बच्चों से बातचीत की। कार्यशाला में संकुल केंद्र अंधरझर, बहेरना एवं आमगांव के सभी प्राथमिक शालाओं के गणित पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता की। डेमो कार्यशाला के आयोजन में अंधरझर संकुल के समन्वयक जगेश्वर प्रसाद यादव, आमगांव संकुल के समन्वयक पवन कुमार सिंह, गीधा संकुल के समन्वयक रामलखन यादव एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य मुकेश कुमार की अहम भूमिका रही। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों में हिरमुनिया बाई, जयधर राम बुनकर, शिवकुमार यादव, दया टोप्पो, सिलवीनू टोप्पो, कपिल तिर्की, कमलेश निषाद, परमानंद राम, राजनाथ राम, हरेन्द्र कुमार सिंह सहित कई अन्य उपस्थित हुए।



पर्यटन मंत्री की अगुवाई में निकली सेवा ज्योति यात्रा, विकसित राष्ट्र बनाने का लिया गया संकल्प

रणजीता स्टेडियम में गूंजा विकसित भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 8 अक्टूबर को रणजीता स्टेडियम में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल की उपस्थित में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात उनके नेतृत्व में रणजीता स्टेडियम से सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सेवा ज्योति यात्रा रणजीता स्टेडियम से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक होते हुए संगम चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान राष्ट्रसेवा, विकसित भारत और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। एवं संगम चौक में सेवा संकल्प चौक तैयार करने के लिए दीप भी स्थापित किया गया यात्रा में विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, शकृष्ण कुमार राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, स्वयंसेवक एवं नागरिक शामिल हुए।





इस अवसर पर पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा और राष्ट्रसेवा की यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने निरंतर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। हम सभी को उनके विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल सरकार के प्रयासों से पूरा नहीं हो सकता। इसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ योगदान देने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण

रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ प्रारंभ हुई उनकी जनसेवा की यात्रा के आज 25 वर्ष पूर्ण हुए हैं। उन्होंने देशवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का आशीर्वाद उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और संविधान के प्रति नमन करते हुए कहा कि 25 वर्षों में अर्जित जनविश्वास और अनुभव उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और यह पूंजी देश की जनता की है।

खबर संक्षेप

बसदेई नाला में पुलिया निर्माण की मांग, 60-70 परिवारों को मिलेगी आवागमन की सुविधा

राजपुर। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़खड़वा के डाड़खड़वा कोरवापारा पहुंच मार्ग में बसदेई नाला पर पुलिया निर्माण की मांग ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला पर पुलिया नहीं होने के कारण कोरवापारा के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बारिश के मौसम में नाले में पानी बढ़ जाने से मार्ग बाधित हो जाता है और ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से संपर्क प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों देवनाथ, बुधराम, पवन, सुखराम, दिनेश पहाड़ी कोरवा के अनुसार डाड़खड़वा कोरवापारा में करीब 60 से 70 परिवार निवास करते हैं। इन परिवारों के लिए बसदेई नाला पार कर आवागमन करना मजबूरी है। बरसात के दिनों में नाले में पानी का बहाव तेज होने पर पैदल आवागमन भी जोखिम भरा हो जाता है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को विशेष परेशानी होती है। आवश्यक कार्यों के लिए ग्रामीणों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से यहां पुलिया निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। पुलिया निर्माण होने से कोरवापारा सीधे पहुंच मार्ग से जुड़ जाएगा और ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए बसदेई नाला पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति जल्द प्रदान की जाए। उन्होंने मीडिया के माध्यम से भी प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

विकलांग एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष रक्तदान कर बचाई मरीज की जान

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ विकलांग एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुमन्त प्रजापति ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चौथी बार रक्तदान किया।



उन्होंने ग्राम मसगा निवासी सुखराम कुम्हारिया की माता विफनी बाई के लिए रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की। मरीज को रक्त की आवश्यकता होने की जानकारी मिलने पर सुमन्त प्रजापति ने तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच कर रक्तदान किया। समय पर रक्त उपलब्ध हो जाने से मरीज विफनी बाई (70 वर्ष) की जान बच सकी। ब्लड सेंटर अधिकारी द्वारा सुमन्त प्रजापति को रक्तदान के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सुमन्त प्रजापति ने कहा कि रक्तदान महादान है। जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए स्वस्थ व्यक्तियों को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। सुमन्त प्रजापति के इस सेवाभावी कार्य की देखते हुए अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. रेलवानी सहित अन्य अधिकारियों ने सराहना की।

महामना मालवीय मिशन द्वारा अर्जुन विषाद योग का पाठ



अम्बिकापुर। महामना मालवीय मिशन द्वारा समाजसेवी राजकुमार गुप्ता के निवास पर श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम अध्याय का सामूहिक पाठ किया तथा इसके दार्शनिक पक्ष पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गीता का प्रथम अध्याय केवल युद्ध भूमि में अर्जुन के विषाद का वर्णन नहीं करता बल्कि यह मनुष्य के भीतर चलने वाले द्वंद को सामने लाता है। अर्जुन का विषाद ही आगे चलकर आत्मज्ञान और कर्मयोग की आधारभूमि बनता है। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि कुरूक्षेत्र की युद्धभूमि में कौरव और पांडव सेनाएँ आमने-सामने खड़ी है। सामने पितामाह भीष्म, गुरू द्रोणाचार्य, भाई-बांधव, मित्र और संबंधियों को देखते हैं तो उनका मन विचलित हो जाता है। राम नारायण शर्मा ने कहा कि अर्जुन के मन में यह प्रश्न उठता है कि अपने ही स्वजनों को मारकर प्राप्त राज्य और विजय का क्या महत्व है। वे कुलनाश, सामाजिक व्यवस्था के विघटन और पाप की आशंका व्यक्त करते हुए युद्ध से विमुख हो जाते हैं। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि यह मनुष्य की संवेदनशीलता और उसके नैतिक द्वंद का चित्रण है। अर्जुन महान योद्धा होते हुए भी संबंधों के मोह और परिणाम की चिंता से अपने कर्तव्य को लेकर भ्रमित हो जाते हैं। राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि अर्जुन का विषाद ही गीता के ज्ञान का प्रवेश द्वार बनता है। प्रथम अध्याय हमें विषाद से विवेक और मोह से आत्मबोध की ओर ले जाता है। जय प्रकाश चौबे ने कहा कि मनुष्य जब मोह, ममता और कर्तव्य के बीच उलझता है तब विवेक का सहारा ही उसे सही मार्ग दिखाता है। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा कुमार राधा द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की दुविधा विषय पर कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कारागार की चारदीवारी की प्रेरणा देता है। बाल्यकाल से लेकर जीवन के अंतिम समय तक उनके जीवन के अनेक प्रसंग मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में धैर्य, विवेक और कर्तव्य का पालन करने की सीख देते हैं। कार्यक्रम में डॉ बीके सिंह, हरिशंकर सिंह, अशोक सोनकर, सचिदानंद पाण्डेय, जेपी गुप्ता, डॉ.जीके अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब, झाड़ियों से हादसे का खतरा

नगर पंचायत की बदहाली पर लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बारिश के बाद नगर पंचायत की हालत न सिर्फ बदहाल हो चुकी है बल्कि लोगों की परेशानी का सबब बन गया है।

खास बात
- नालियो की दुर्गंध से लोगों की बढ़ी परेशानी

आलम यह है कि नगर के मुख्य मार्ग स्थित अधिकांश स्ट्रील लाइट खराब है तो वहीं साफ सफाई के अभाव में नालियों से आ रहे दुर्गंध से लोग परेशान है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क की अधिकांश लाइट लंबे समय से खराब पड़े और नालियों की सफाई नहीं हो सकी। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके मरम्मत व सफाई नहीं होने से लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए है जिसे लेकर नगर वासियों में काफी नाराजगी है।

नगर पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। समलेश्वरी मंदिर से लेकर नगर पंचायत कार्यालय तक सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। ऐसे में रात के समय सड़क पर अंधेरा छाया रहता है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइटें कुछ ही वर्षों में बदहाल हो गई हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इनके रखरखाव और मरम्मत की ओर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर में प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ सफाई व्यवस्था भी प्रभावित है, जिससे लोगों में काफी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से खराब स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत, नालियों की सफाई तथा झाड़ियों की कटाई कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नगर की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए।



झाड़ियों के बीच स्थित ट्रांसफार्मर व खराब स्ट्रीट लाइट।

ट्रांसफार्मर के पास झाड़ियां दे रही हादसे को न्योता

बारिश के बाद रैन बसेरा के समीप ट्रांसफार्मर के आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। विद्युत उपकरणों के आसपास इस तरह झाड़ियों का बढ़ना सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, ऐसे में समय रहते सफाई और झाड़ियों की कटाई नहीं की गई तो कभी भ्झी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

बदबूदार नालियों से भी लोग परेशान

नगर के विभिन्न हिस्सों में नालियों की स्थिति भी खराब बताई जा रही है। कई जगह नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं और उनसे दुर्गंध उठ रही है। इससे आसपास रहने वाले लोगों के साथ-साथ राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और उचित रखरखाव नहीं होने के कारण नगर की व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बीमारी का भी खतरा बढ़ गया है।

लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

नगर को व्यवस्थित एवं सुसज्जित करने के लिए नगर पंचायत सीएमओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी।

-रैना जमील
कलेक्टर सूरजपुर



मवेशी लोड पिकअप को छोड़ भागे तस्कर पशु तस्कर की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

रविवार की देर रात प्रेमनगर मार्ग पवनपुर बाजार घाट के समीप मुखबिर की सूचना पर रामानुजनगर पुलिस ने मवेशी से भरे पिकअप को पकड़ा। पुलिस के दबिश देने पर वाहन सवार अंधेरा का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गए।

पुलिस पशु तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि पिकअप क्रमांक एमपी 53 जेडजी 7218 मवेशियों को लोड कर ले जा रहे है। सूचना पर पुलिस वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक पिकअप खड़ी कर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर पांच भैंसा और एक भैंस बरामद हुई। वाहन के डाला को खोलने के दौरान एक भैंस जंगल की ओर भाग गया। रात का समय होने के कारण पुलिस को उसकी तलाश में सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने पिकअप एवं बरामद पशुओं को ट्रैक्टर की मदद से थाने पहुंचाया। पुलिस ग्राउंड में पशुओं के लिए चारा-पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध संबंधित पशु संरक्षण/पशु क्रूरता संबंधी कानूनों के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वाहन स्वामी तथा पशुओं के परिवहन से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही है। कार्रवाई में बिसुन देव पैकरा, एसआई कृष्णा सिंह, मितेश मिश्रा, अजित सिंह, चन्द्रदेव मरावी एवं बिरन सिंह सक्रिय रहे।

एनएसयूआई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिला शिक्षा अधिकारी के निलबंन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं रैली में विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शामिल किए जाने के मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है इस मामले को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू द्वारा सौंपे गए तीन पृष्ठीय ज्ञापन में बताया गया है कि जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों जिनमें नाबालिग छात्र-छात्राएं भी शामिल बताए गए हैं उनको 5 अक्टूबर को आयोजित एबीवीपी की कार्यक्रम रैली में शामिल किया गया ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यार्थियों को शहर की सड़कों पर तेज धूप में रैली में शामिल कराया गया जिसे लेकर विद्यार्थियों की सुरक्षा, अभिभावकीय सहमति तथा शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। एनएसयूआई ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले को केवल एक राजनीतिक विवाद के रूप में न देखकर नाबालिग विद्यार्थियों के अधिकार,सुरक्षा और विद्यालयों की निष्पक्षता से जुड़े विषय के रूप में लिया जाए तथा तथ्यात्मक जांच कराई। ज्ञापन में उठाया गया है कि संबंधित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किसके द्वारा निर्देशित किया गया था। एनएसयूआई ने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुरक्षा किसी भी राजनीतिक या संगठनात्मक गतिविधि से ऊपर है संगठन ने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि भविष्य में किसी भी विद्यालय अथवा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं पर किसी राजनीतिक या संगठनात्मक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष दबाव न बनाया जाए एनएसयूआई ने जिला प्रशासन के सामने कुल 9 प्रमुख मांगें रखी हैं। ज्ञापन के अंतिम बिंदु में एनएसयूआई ने कहा है कि यदि जांच में यह प्रमाणित होता है कि विद्यालयीन नाबालिग छात्र-छात्राओं को राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल किया गया था तो इस पूरे मामले में संबंधित अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारी की भी जांच की जानी चाहिए। एनएसयूआई ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किसी भी राजनीतिक अथवा संगठनात्मक गतिविधि में उनकी इच्छा या आवश्यक अनुमति के बिना शामिल किए जाने की पुनरावृत्ति न हो।

इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव राजेश साहू,मुस्तफा खान, रूद्र प्रताप सिंह,शिवम साहू,यश साहू,दुर्गेश जायसवाल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



स्कूल परिसर से धान खरीदी केंद्र हटाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं की लगातार शिकायत और समस्या को लेकर प्रकाशित खबरों के बाद

विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

प्रतापपुर क्षेत्र की विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने रेंवटी स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। विधायक ने ग्रामीणों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ धान खरीदी के लिए वैकल्पिक स्थल का निरीक्षण कर स्थल चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

विधायक ने मौके पर शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर एवं खेल मैदान का भी निरीक्षण किया। वर्तमान में धान खरीदी केंद्र विद्यालय परिसर के खेल मैदान में संचालित होने के कारण विद्यार्थियों को अध्ययन एवं खेल गतिविधियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं धान खरीदी के दौरान बाहरी लोगों और वाहनों की आवाजाही बढ़ने से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित होने की शिकायत ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने धान खरीदी केंद्र के लिए अलग स्थल का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ स्थल चयन पर चर्चा की। विधायक ने कलेक्टर श्रीमती रेना जमील से चर्चा कर धान खरीदी केंद्र के लिए उपयुक्त स्थल को स्वीकृत करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। ग्रामीणों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र को विद्यालय परिसर से हटाकर अलग स्थान पर संचालित करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब विधायक के मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने और वैकल्पिक स्थल की प्रक्रिया शुरू कराने से किसानों, ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों में राहत की उम्मीद जगी है।



छात्रों ने बनाई विकास पर केंद्रित 76 वर्ग फीट की रंगोली

अम्बिकापुर। राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हॉकी खेल मैदान में 76 वर्ग फीट की एक विशाल रंगोली का निर्माण किया गया है। रंगोली की विषय वस्तु उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित की गयी थी। जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के चयनित छात्रों ने दो दिन के प्रयास से रंगोली को आकार दिया। प्राचार्य डॉ.अनिल सिन्हा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिस थीम पर रंगोली बनाई गई है वह देश के विकास और देश सेवा को परिलक्षित करती है। रंगोली देखने के लिए 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

फैंसी ड्रेस में नन्हों ने बिखेरी प्रतिभा, तालियों से गूंजा अग्रोहा भवन

सूरजपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रोहा भवन में चल रहे अग्रसेन सप्ताह में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में

अग्रसेन सप्ताह में उमड़ रहा समाज का उत्साह

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से खूब वाहवाही लूटी। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों पर अग्रोहा भवन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे प्रतिभागी कुदरगढ़ी मैया, श्याम बाबा, भगवान विष्णु और प्रेमानंद महाराज सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्वरूपों में नजर आए। वहीं कई बच्चों ने जज, डॉक्टर, साइंटिस्ट सहित अलग-अलग पेशों का रूप धारण कर अपनी कल्पनाशीलता और प्रतिभा का परिचय दिया।

बच्चों ने केवल वेशभूषा ही नहीं, बल्कि अपने पात्रों के अनुरूप संवाद और प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। नन्हे प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अभिभावकों और समाजजनों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए जमकर तालियां बजाईं। अग्रवाल सभा के आतिथ्य में आयोजित अग्रसेन सप्ताह के दौरान अग्रोहा भवन में लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खेलकूद, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में समाज के लोग बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग की भागीदारी से महोत्सव सामाजिक एकता और उत्साह का केंद्र बना हुआ है। अग्रसेन जयंती महोत्सव के आयोजनों में सेवा, संस्कार, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता की झलक देखने को मिल रही है। आने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी समाजजनों में खासा उत्साह बना हुआ है।



आयुक्त के आदेश के बावजूद भूमि का रकबा दुरुस्त नहीं होने का आरोप

बलरामपुर। ग्राम लुरगी की पैतृक भूमि के राजस्व अभिलेखों में रकबा कम दर्ज किए जाने और सक्षम राजस्व न्यायालय के आदेश का पूर्ण पालन नहीं होने का आरोप लगाते हुए रामानुजगंज निवासी करीब 80 वर्षीय हासिम खान ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संबंधित पटवारी के खिलाफ जांच एवं दोष पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा राजस्व अभिलेखों को नियमानुसार दुरुस्त कराने की मांग की है।

कलेक्टर से की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

आवेदन के अनुसार हासिम खान की पैतृक भूमि ग्राम लुरगी, तहसील रामानुजगंज में स्थित है। पुराना खसरा नंबर में भूमि का रकबा 4.47 हेक्टेयर बताया गया है, जबकि वर्तमान खसरा नंबर 1 से संबंधित रिकॉर्ड में कथित रूप से 1.94 हेक्टेयर रकबा दर्ज है। आवेदक का कहना है कि इस संबंध में वर्षों से राजस्व विवाद चल रहा है। आवेदक के अनुसार इस मामले में संभाग आयुक्त ने राजस्व अपील प्रकरण में 20 दिसंबर 2021 को आदेश पारित किया था। इसके बाद तहसीलदार रामानुजगंज द्वारा 17 जनवरी 2022 को आदेश के पालन के लिए संबंधित पटवारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि इसके बावजूद राजस्व अभिलेखों में भूमि का पूरा रकबा दर्ज नहीं किया गया। हासिम खान ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच वर्तमान संबंधित पटवारी से हटाकर किसी वरिष्ठ एवं स्वतंत्र राजस्व अधिकारी या जांच दल से कराई जाए।

रहीम भारतीय संस्कृति के कल्पवृक्ष पर मधुर वाणी बिखेरने वाले कोयल

अम्बिकापुर। सरगुजा हिन्दी साहित्य परिषद् द्वारा भारतेन्दु भवन में कवि रहीम पर आयोजित कार्यक्रम रहिमन धागा प्रेम का में हिंदी के युवा साहित्यकार डॉ.दीपक सिंह ने कहा

रहिमन धागा प्रेम का कार्यक्रम में रहीम साहित्य पर चर्चा

कि रहीम भारतीय संस्कृति के कल्पवृक्ष पर मधुरवाणी बिखेरने वाले एक कोयल की तरह है। उन जैसे कवियों और कलाकारों से ही भारतीय संस्कृति की परंपरा इतनी सघन, विविधतापूर्ण और जीवंत है। इस परम्परा को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में रहीम पर साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किये साथ ही रहीम की रचनाओं का सस्वर पाठ भी किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार प्रभुनारायण वर्मा ने कहा कि रहीम के दोहों में अद्भुत मिठास और अपनापन है। सामान्य वस्तुओं, पेड़-पौधों, जानवरों और घटनाओं से भी रहीम नीति की अद्भुत बातें निकाल लेते थे और रामायण, महाभारत और पौराणिक प्रसंगों को भी सामान्य जीवन से बड़ी कुशलतापूर्वक जोड़ लेते थे। कवि एवं कथाकार रमेश द्विवेदी ने रहीम की अन्य रचनाओं पर अत्यंत शोधपूर्ण व विशद व्याख्या की। उन्होंने रहीम के सोरठा, बरवै, धनाक्षरी, कवित्त, सवैया पद इत्यादि छन्दों की विशिष्टताओं व गुणों पर सटीक उदाहरणों सहित अपनी बात रखी। अंजनी पाण्डेय और अंजनी कुमार मिश्रा ने रहीम की अनेक रचनाओं का सुमधुर और मार्मिक पाठ किया। कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने यथावसर रहीम के दोहों का सुप्रयोग करते हुए पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान वेदप्रकाश अग्रवाल, द्वितेंद्र मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा, महेश वर्मा, डॉ.मृदुला सिंह, हरिशंकर त्रिपाठी, बबनजी पाण्डेय, श्याम कश्यप बेचैन, डॉ.रिजवानुल्ला, निर्मल तिग्गा, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, त्रिभुवन सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, विवेक दुबे, वंदना दत्ता आदि उपस्थित थे।



पृष्ठ 1 का शेष

एनईएस कॉलेज के...

राजेश अग्रवाल, जशपुर विधायक रायमुनि भगत, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने रंगोली का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी लाल उमेद सिंह एवं बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गई रंगोली कलाकृतियों की सराहना करते हुए युवाओं की सृजनात्मकता, नवाचार, रचनात्मकता एवं देशसेवा के प्रति समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. जेपी कुजूर, प्रो. एसईजी लकड़ा, प्रो. जेआर भगत, डॉ. सरिता निकुंज, डॉ. ज्योति तिर्की, प्रो. कीर्ति किरण केरकेट्टा, डॉ. राजेश शुक्ला, प्रो. प्रवीण सतपति, प्रो. अंजिता कुजूर, प्रो. प्रिंसी कुजूर, डॉ. लाइजिन मिंज, डॉ. हरिकेश कुमार सहित अतिथि व्याख्याताओं ने सहभागिता करते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

250 ने निभाई सहभागिता- एनएसएस स्वयं सेवक कर्मा सन्यासी ने बताया कि महाविद्यालय के नोडल अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में 250 छात्र-छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता एवं एकता का परिचय देते हुए अद्भुत रंगोली तैयार की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों ने कला के साथ-साथ डिजिटल इंडिया, राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत का प्रभावी संदेश दिया। रंगोली निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक षष्टिक सिंह, परमेश्वर सिंह, सुरेश कुमार, हेमराज सिंह, कर्मा सन्यासी, गौतम यादव, शुभम साहू, सीमा भगत, नेहा यादव, चंद्रलेखा, प्रिज्मा भगत, केशव कुमार, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट तथा महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शासकीय कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को मिले मौका, फूहड़ गानों पर लगे रोक : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजभाषा आयोग एवं संस्कृति विभाग द्वारा लोक कलाकारों के लिए सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम का

लोक कलाकारों को किया गया सम्मानित

आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मंजूषा भगत ने कहा की मेरे पास महापौर के नाते इतनी शक्ति नहीं है कि मैं तीज, त्यौहार, नवरात्रि, दशहरा में छत्तीसगढ़ के बाहर से आने वाले उन कलाकारों को रोक सकूं जो यहां विभिन्न आयोजनों के नाम पर फूहड़ता परोसते हैं। यदि निगम के तहत महापौर के पास ऐसी शक्तियां होती तो मैं ऐसे आयोजकों पर कार्रवाई करती और जुर्माना लगाती।

यह व्यक्तव्य उन्होंने फूहड़ गानों को लेकर शुरू हुई चर्चा पर अपना विचार रखते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार से यह भी खुले मन से निवेदन करूंगी की सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को ही मौका मिले, फूहड़ गानों पर रोक लगे। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत खुद को भी नहीं रोक पायी और जितिया, करमा, सुग्गा के गीत उन्होंने अपने भाषा में गाया और कहा कि यही हमारी संस्कृति और पहचान है। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि यह आयोजन लोक कलाकारों के सेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से है। निश्चित ही हम सब संगठित होकर, एकजुट होकर ही देश को समर्थ और विकसित बना सकते हैं। सरगुजा जिले एवं संभाग के लोक कलाकार रंजीत सारथी, गोपाल पांडेय, आयुष नामदेव, प्रकाश रसीला, राहुल पांडेय, कविता देवांगन, फलेंद्र सिंह, बबलू सरगुजिहा, आनन्द गुप्ता ने सरगुजा की लोक संस्कृति करमा, सुग्गा एवं जीवन से जुड़ी गीत, भजन, देशभक्ति गीत सहित ऐसे गीत गाये। वरिष्ठ साहित्यकार श्याम कश्यप बैचेन, संतोष दास सरल, रविन्द्र तिवारी, कृष्णकांत पाठक ने अपने देशभक्ति पूर्ण कवितायेँ प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन अम्बिकापुर विकास समिति के संयोजक अंचल ओझा एवं आभार प्रदर्शन जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी ने किया। इस दौरान सरस्वती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ऋषि सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक सूरज कुमार, प्रवीण शर्मा, आराधना त्रिपाठी, रंजना द्विवेदी, नीलिमा जायसवाल, रितु सिंह, आयुष सिन्हा, सुरेश यादव, हीरालाल राजवाड़े, अनीशा गुप्ता, विवेक सिंह, संतलाल, पीजी कॉलेज की छात्राएं सीमा यादव, प्रियांशी राजवाड़े एवं सरस्वती महाविद्यालय की छात्र छात्राएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।





रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style

तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।



हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।



अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



नई नवेली का दूसरा गाना फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

टीवी मसाला



सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवांश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी।



दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।



राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।' राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।

मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत **IFFSA** टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 कर्मचारी सम्मानित

रायगढ़। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सितंबर महीने में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 23 कर्मचारियों को सम्मानित किया। सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में विभागीय कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों की जिम्मेदारी, ईमानदारी और निरंतर प्रयासों से ही योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई देता है। उन्होंने सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य की सराहना से कर्मचारियों का उत्साह बढ़ता है और अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जिले में शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करें।

मिलेगा दानवीर भामाशाह सम्मान

रायगढ़। राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सामाजिक सहायता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को प्रतिवर्ष दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाता है। वर्ष 2026 के लिए सम्मान दी जाएगी। जिले के पात्र व्यक्ति एवं संस्थाएं 3 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी प्रविष्टि कार्यालय समाज कल्याण प्रस्तुत कर सकते हैं।

छात्रवृत्ति के लिए 30 तक आवेदन

रायगढ़। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों में प्रवेश लेकर अध्ययन कर रहे प्रतिभावान विद्यार्थियों को तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाइन आवेदन 30 अक्टूबर तक जिले के संबंधित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में जमा करना होगा।

अब तक 10 हजार 713 को लगा एचपीवी टीका

रायगढ़। जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले में लक्ष्य में से अब तक 10,713 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है। वहीं टीकाकरण के लिए निर्धारित 2,196 सत्रों में से 1,976 सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

आंबा केंद्रों में खिलौना दान करने आगे आ रहे लोग

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलेभर के आंगनबाड़ी केंद्रों में 25 सितंबर से आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान बच्चों के लिए खिलौना बैंक को समृद्ध करने के लिए लोगों ने खिलौने दान किए। इससे बच्चों को खेल.खेल में सीखने और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

15 दिन का अल्टीमेटम, काम में प्रगति नहीं आई तो ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई

अस्पताल निर्माण में देरी, कलेक्टर ने लगाई ठेकेदार को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



गायनिक वार्ड ऑपरेशन थिएटर के काम में तेजी के निर्देश

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को जिला अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान निर्माण कार्य में देरी और अपेक्षित प्रगति नजर नहीं आने पर ठेकेदार को जमकर लताड़ लगाई। ठेकेदार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कार्य प्रगति में लाने की हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने गायनिक वार्ड और ऑपरेशन थिएटर के लिए किए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और निर्माण की प्रगति की जानकारी ली।

निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने संबंधित ठेकेदार के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पर्याप्त मानव संसाधन बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने तथा 15 दिवस के भीतर अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं मिली तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों को जून माह तक पूर्ण किया जाना था, लेकिन निर्धारित समय.सीमा के बाद भी कार्य पूरा नहीं होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने संबंधित विभाग को ठेकेदार को नोटिस जारी करने तथा आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। मरीजों की सुविधा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एक सप्ताह में शुरू होगी केजीएच फार्मेसी

कलेक्टर ने केजीएच फार्मेसी का भी अवलोकन किया। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कर एक सप्ताह के भीतर फार्मेसी शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि आम लोगों को अस्पताल परिसर में ही आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में लिया जल संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवा संकल्प अभियान के तहत 2 अक्टूबर को जिले के विभिन्न ग्रामों में जल अर्पण दिवस मनाया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जल के महत्व, संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए गांवों के जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने तथा पानी की प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करने का संकल्प दिलाया गया। विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जागरूकता रैलियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। जल है तो कल है जैसे नारों के साथ ग्रामीणों को वर्षा जल के संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों में ग्रामीणों को दैनिक जीवन में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। जल संरक्षण के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एफटीके फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण भी किया गया।

मिडिल स्कूल बोड़ा के खिलाड़ियों ने जीता 3 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



जगदलपुर में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में बिलाईगढ़ ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया। अंडर.14 बालिका वर्ग में विद्यालय की प्रतिभावान खिलाड़ी विजयलक्ष्मी पिता सफेदलाल ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने अपनी बहुआयामी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर एवं 600 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा 400×100 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। इसी विद्यालय की खिलाड़ी प्रतिमा, पिता धनेश्वर प्रसाद ने ऊंची कूद में कांस्य पदक तथा 400×100 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास महत्वपूर्ण रहा। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों ने रोज सुबह और शाम नियमित रूप से अभ्यास किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों के निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन, मेहनत और प्रोत्साहन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन फुटबॉल का रोमांच चरम पर, बस्तर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को फुटबॉल का रोमांच चरम पर रहा। प्रदेश के पांचों संभागों से आए अंडर.14 बालक खिलाड़ियों ने जीत के लिए मैदान में पूरी ताकत झोंक दी। गेंद पर कब्जा जमाने की होड़, विपक्षी रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश, सटीक पास और गोल बचाने के लिए खिलाड़ियों की फुर्ती ने मुकाबलों को रोमांचक बनाए रखा। कड़ी मेहनत लगन और बेहतर तालमेल के दम पर बस्तर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर.14 बालक फुटबॉल में प्रथम स्थान हासिल कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में रायपुर संभाग ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बिलासपुर संभाग ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। सरगुजा संभाग चौथे और दुर्ग संभाग पांचवें स्थान पर रहा। मैदान में खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर टीम ने अंतिम क्षण तक मुकाबला अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगाया। फुटबॉल प्रतियोगिता के पिछले मुकाबलों में भी बस्तर के खिलाड़ियों ने अपने आक्रामक तेवर दिखा दिए थे। बस्तर ने रायपुर को 4.1 से पराजित करने के बाद सरगुजा के खिलाफ शानदार खेल दिखाते हुए 7.1 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। तेज आक्रमण, सटीक पास और मिले अवसरों को गोल में बदलने की क्षमता बस्तर की ताकत बनकर सामने आई। खिलाड़ियों ने मैदान के दोनों छोर पर बेहतर तालमेल दिखाया और लगातार विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। अन्य मुकाबलों में बिलासपुर ने रायपुर को 3.1 से पराजित किया थाए जबकि सरगुजा ने दुर्ग को 3.1 से मात दी थी। बिलासपुर और दुर्ग के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में बिलासपुर ने 2.1 से जीत दर्ज की। इन मुकाबलों के बाद आगे बढ़ी प्रतिस्पर्धा में टीमों ने अपनी रणनीति और खेल कौशल के दम पर स्थान बनाने के लिए जोरदार संघर्ष किया। तीसरे दिन परिणाम सामने आने के साथ बस्तर ने शीर्ष स्थान अपने नाम किया और रायपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया।

टपरंगा में प्रीमियर लीग का आयोजन, दस टीमें लेंगी हिस्सा



रायगढ़। क्षेत्र के क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने व उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए ग्राम टपरंगा में जिंदल फाउंडेशन के सहयोग से टपरंगा प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। लीग आधार पर खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ जेपीएल माइंस के सीईओ व प्रेसीडेंट ओमप्रकाश, ईवीपी संदीप सांगवान, वीपी विजय जैन व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। खम्हारी 11 बिजना और वीर 11 के बीच खेला गया। जिसमें वीर इलेवन की टीम ने बाजी मारी। टपरंगा प्रीमियर लीग का शुभारंभ सीईओ व प्रेसीडेंट ओमप्रकाश, ईवीपी संदीप सांगवान, वीपी विजय जैन व अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर किया गया। इसके बाद यूपी स्कूल प्ले ग्राउंड टपरंगा में इस प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सीईओ व प्रेसीडेंट ओमप्रकाश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की क्रिकेट प्रतियोगिता युवाओं को जोड़ने का काम करती है। खेल से युवाओं का मानसिक, शारीरिक विकास होता है साथ ही क्षेत्र में एक माहौल भी बनता है उन्होंने बताया कि जिंदल पॉवर द्वारा घरघोड़ा में जिंदल क्रिकेट एकादमी का संचालन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माइंस एरिया में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने आष्वासन दिया कि ऐसे आयोजनों के लिए जिंदल पॉवर हमेशा सहयोग करता रहेगा। ईवीपी संदीप सांगवान ने कहा कि खेल से युवाओं का विकास होता है। इस तरह के खेलों का आयोजन कर प्रतिभाओं को चिन्हित किया जाए ताकि उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिल सके। क्षेत्र के खिलाड़ियों का चयन बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए भी हो ऐसा प्रयास करना चाहिए। वीपी विजय जैन ने खिलाड़ियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि क्षेत्र में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है इससे आने आने वाले सालों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

विद्यार्थियों को मिली राहत अब जरूरी दस्तावेजों के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

रायगढ़। विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और उन्हें अपने जरूरी दस्तावेज समय पर मिल सकें, इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पहल की है। मंत्री के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे विद्यार्थियों को अपने जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बार.बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से राहत मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण.पत्र, डुप्लीकेट अंकसूची, उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तरपुस्तिका की फोटोकॉपी जैसी सेवाएं निर्धारित प्रक्रिया और समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। दस्तावेज के अनुसार इन सेवाओं के लिए निर्धारित समय.सीमा भी तय की गई है। डुप्लीकेट माइग्रेशन प्रमाण.पत्र और डुप्लीकेट अंकसूची के लिए 60 दिवस की समय.सीमा निर्धारित है। वहीं उत्तरपुस्तिका की पुनर्गणना, पुनर्मूल्यांकन और फोटोकॉपी से संबंधित सेवाओं के लिए भी निर्धारित प्रक्रिया के बाद 60 दिवस की समय.सीमा रखी गई है। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ही दस्तावेजों के लिए परेशान होना पड़े यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम के बाद विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण होता है।

मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय की छात्राओं ने किया तबले की थाप पर कथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



तीन दिवसीय राष्ट्रीय नर्मदोत्सव पचमढ़ी में कथक नृत्य कला महोत्सव 2026 के मंच पर भारतीय शास्त्रीय कथक नृत्य की समृद्ध व गौरवशाली गुरु शिष्य परम्परा का एक अद्भुत और अविस्मरणीय दृश्य देखने को मिला कत्थक नृत्य में तबले की थाप पर सभागार में उपस्थित संगीत प्रेमियों एवं गुनीजनों को मंत्र मुग्ध कर दिया राष्ट्रीय कला नर्मदोत्सव पंचमढ़ी के सांस्कृतिक आडीटोरियम में हुआ

मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय सारंगढ़ रायगढ़ के गुरु प्राचार्य एलडी वैष्णव एवं उप प्राचार्य प्रीति रुद्र वैष्णव के सानिध्य में राष्ट्रीय महोत्सव शास्त्रीय कथक नृत्य में फेस्टिवल में यामी वैष्णव को नृत्य वाहिनी से सम्मानित एवं अदिति सुल्तानिया को कला प्रतिभा राष्ट्रीय उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किए है। कथक में प्रथम स्थान श्रेसा सूदन, सोनाली पटेल, हुनर अग्रवाल, सनाया जैस्मीन, आदिश्री शर्मा, द्वितीय स्थान कथक सोलो में सौम्यश्री नाथ और अनुश्री शर्मा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआस कथक नृत्य में इन छात्राओं के साथ पढ़ंत पर प्रीति वैष्णव, तबला संगत कला गुरु पंडित सुनील वैष्णव एवं रुद्र वैष्णव एगायन एवं हारमोनियम पर लालाराम लुनिया रायपुर के सानिध्य में हुआ। राष्ट्रीय नर्मदोत्सव पचमढ़ी मध्यप्रदेश के द्वारा प्रीति वैष्णव को कथक के क्षेत्र में गुरु श्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किए। मां वैष्णवी संगीत महाविद्यालय रानी सागर सारंगढ़ एवं शाखा रायगढ़ के समस्त कला साधक उभरते हुए सितारों छात्र-छात्राओं को संस्था प्रमुख प्राचार्य एलडी वैष्णव एवं कला साधक एवं सभी बड़े गुरुजनों ने विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर ने की राजस्व विभाग की समीक्षा, निराकरण का दिया निर्देश

केलो नहर प्रभावितों की प्राथमिकता से सुलझेगी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर राजस्व सहित विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिक योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एग्रीस्टेक पंजीयन की विशेष रूप से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले के सभी पात्र किसानों का शत.प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान बेचने वाला कोई भी पात्र किसान एग्रीस्टेक में पंजीयन से वंचित नहीं होना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारी मैदानी अमले के साथ पंजीयन की स्थिति की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने डीसीएस फेस.1 एवं फेस.2 तथा बकेट क्लेम के कार्यों में प्रगति लाने और मैदानी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केलो नहर परियोजना से प्रभावित किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर उनका निराकरण किया जाए। उन्होंने परियोजना के कार्यों को निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण कराने के साथ कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं एमबीयू की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर मुनगाए घर.घर मुनगा मिशन की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक परिवारों को अभियान से जोड़ने तथा प्रत्येक घर में मुनगा पौधा लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। बैठक में श्रमिक परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संचालित समग्र उत्थान मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति लानेए अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने तथा अघोषित बिजली कटौती की समस्या के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

नदियों और सड़कों की स्वच्छता पर जोर

कलेक्टर ने जिले में स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए नदियों एवं सड़कों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी करने को कहा गया।

